**शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार**

**मध्यावधि परीक्षा अभ्यास पत्र**

**कक्षा XI**

**अर्थशास्त्र (030)**

**सत्र - (2025-26)**

**निर्धारित समय : 3** घंटे **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देश :-**

1. इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं:
   खंड अ - अर्थशास्त्र के लिए सांख्यिकी
   खंड ब - व्यष्टि अर्थशास्त्र
2. इस प्रश्न **पत्र** में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक 1 अंक के हैं।
3. इस प्रश्न **पत्र** में 4 अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं और तीन अंक के हैं और इनमें से प्रत्येक के उत्तर 60 से 80 शब्दों में दीजिए।
4. इस प्रश्न **पत्र** में 6 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं और चार अंक के हैं इनमें से प्रत्येक के उत्तर 80 से 100 शब्दों में दीजिए।
5. इस प्रश्न **पत्र** में 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और छः अंक के हैं इनमें से प्रत्येक के उत्तर को 100 से 150 शब्दों में दीजिए।

**प्रश्न संख्या.** **खंड अ - अर्थशास्त्र के लिए सांख्यिकी** अंक

1 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढिये: - 1

**कथन 1:-** सांख्यिकी केवल गुणात्मक तथ्यों से सरोकार रखती है ।

**कथन 2:-** सांख्यिकी के निष्कर्ष औसत रूप में सत्य होते हैं ।

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

विकल्पः-

(अ) कथन 1 सत्य और कथन 2 असत्य है।

(ब) कथन 1 असत्य और कथन 2 सत्य है।

(स) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(द) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

2 निम्नलिखित में से ***<u>असत्य</u>*** कथन का चयन कीजिए । 1

(अ) वर्ग सीमा के दो सिरे होते हैं

(ख) ऊँचाई तथा भार संतत् चर के उदाहरण हैं ।

(ग) चर समय-समय पर परिवर्तित होते रहते हैं ।

(घ) किसी वर्ग में शामिल मदों की संख्या को वर्ग चिन्ह कहते हैं ।

3 निम्नलिखित में से कौन-सा कालानुक्रमिक वर्गीकरण है :- 1

(i) वार्षिक

(ii) तिमाही

(iii) साप्ताहिक

(iv) क्षेत्रवार

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

(अ) (I) और (II)

(ब) (I), (II) और (III)

(स) (II) और (III)

(द) (I), (II) और (IV)

4 निम्नलिखित में से कौनसा कार्य सांख्यिकी का कार्य नहीं है ? 1

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

(अ) तथ्यों की तुलना करना

(ख) नीति निर्माण में सहायक

(ग) आय सृजन में सहायक

(घ) पूर्वानुमान में सहायक

5 ज्यामितीय चित्र आरेख में शामिल होते हैं - 1

I) दंड आरेख

II) सारणीयन

III) वृत्तीय आरेख

IV) अंकगणितीय रैखिक आरेख

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

विकल्प:-

(अ) (I) और (II)

(ब) (I), (II) और (III)

(स) (II) और (III)

(द) (I), (III) और (IV)

6 ऊर्ध्वाधर स्तंभों के शीर्षक कहलाते हैं :- (सही विकल्प का चयन कीजिए ।) 1

विकल्प:-

(अ) शीर्षक

(ब) उप-शीर्षक

(स) पंक्ति- शीर्षक

(द) दोनों (अ) तथा (स)

7. दिए गए कॉलम I और कॉलम II में तथ्यों के ***<u>असत्य</u>*** युग्म का चयन कीजिए: - 1

| | **कॉलम I** | | **कॉलम II** |
|---|---|---|---|
| अ | अन्वेषक | (i) | आंकड़े एकत्रित करने वाला |
| ब | अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशन | (ii) | प्रकाशित स्तोत्र |
| स | सुविधानुसार प्रतिचयन | (iii) | यादृच्छिक संख्याएँ |
| द | सर्वेक्षण | (iv) | भारत की जनगणना |

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

विकल्प:-

(अ) अ - I

(ब) ब - II

(स) स - III

(द) द - IV

8. निम्लिखित कथनों को पढिये - अभिकथन (A) और कारण (R) सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

**अभिकथन (A)** - आँकड़ें सूचनाएँ प्रदान करके समस्याओं को समझने में मदद करते हैं ।
**कारण (R)** - आँकड़ें संख्यात्मक तथ्य होते है ।

**विकल्प :-**

(अ) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है |

(ब) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है |

(स) अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है |

(द) अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है |

9. निम्नलिखित कथनों को पढिये - अभिकथन (A) और कारण (R) सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

**अभिकथन (A)** - श्रृंखला 6, 4, 7, 5, 6, 2 का अंकगणितीय माध्य 5 है ।
**कारण (R)** - अंकगणितीय माध्य श्रृंखला को दो बराबर भागों में विभाजित करता है ।

**विकल्प :-**

(अ) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है |

(ब) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है |

(स) अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है |

(द) अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है |

10 निम्नलिखित में से कौनसा अंकगणितीय माध्य की विशेषता नहीं है ? 1

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

**विकल्प :-**

(अ) इसे ग्राफ की सहायता से दर्शाया नहीं जा सकता ।

(ब) यह श्रृंखला की प्रत्येक मद पर आधारित नहीं होता ।

(स) इसका बीजगणितीय विवेचन किया जा सकता है ।

(द) यह चरम मूल्यों से प्रभावित होता है ।

11 वर्गीकरण की समावेशी विधि से क्या तात्पर्य है ? एक संख्यात्मक उदाहरण की सहायता से व्याख्या कीजिये । 3

12 (क) जनगणना एवं प्रतिदर्श विधि में अंतर स्पष्ट कीजिए । 3

अथवा

(ख) प्राथमिक और द्वितीयक आँकड़ों में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

13 अंकगणितीय माध्य की गणना कीजिए । 4

| वर्ग अंतराल | 1-10 | 11-20 | 21-30 | 31-40 | 41-50 | 51-60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 4 | 15 | 10 | 20 | 2 | 3 |

अथवा

यदि $\bar{X}$ = 51 हो तो f का मान ज्ञात कीजिए -

| अंक | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्रों की संख्या | 8 | 15 | $f$ | 15 | 10 |

14 अर्थशास्त्र में सांख्यिकी के महत्व पर चर्चा कीजिए । 4

15 दिए गए अनुच्छेद के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- 4

पाँच छात्रों को दैनिक जेब खर्च ₹50 प्राप्त होते हैं और क्रमशः 20, 25, X, 40, 45 खर्च करते हैं । शेष राशि बचत के रूप में रख लेते हैं। खर्च राशि का माध्य ₹32 है ।

प्रश्न:-

**(i)** तीसरे छात्र का कुल खर्च क्या होगा ?

**(ii)** बचत की गई राशि का माध्य क्या होगा?

**(iii)** यदि दैनिक जेब खर्च दुगना हो और यह मन जाए की व्यय में अनुपातिक वृद्धि होती है, तब बचत की गई नई राशि का माध्य क्या होगा ?

**(iv)** यदि खर्च की गई राशि के आँकड़ों की प्रत्येक मद को पाँच इकाई बढ़ा दे, तब खर्च की गई राशि का माध्य क्या होगा?

16 निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर एक परिवार के उपभोग व्यय को वितीय चित्र की सहायता से प्रस्तुत कीजिए । 6

| क्रम | मदें | व्यय (%) |
|---|---|---|
| 1 | वस्त्र | 15 |
| 2 | शिक्षा | 15 |
| 3 | भोजन | 40 |
| 4 | ईंधन | 10 |
| 5 | परिवहन | 5 |
| 6 | अन्य | 15 |

**दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या.16 के स्थान पर :-**

आदर्श सारणी का निर्माण करते समय किन-किन सावधानियों का ध्यान रखा जाना चाहिए, व्याख्या कीजिए ।

17 (क) दिए गए आंकड़ों को एक उप-विभाजित दंड आरेख द्वारा प्रस्तुत कीजिए - 6

| वर्ष | जनसंख्या | | कुल |
|---|---|---|---|
| | पुरुष | स्त्रियाँ | |
| 2011 | 70 | 60 | 130 |
| 2012 | 75 | 63 | 138 |
| 2013 | 79 | 68 | 147 |
| 2014 | 82 | 75 | 157 |

**दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 17 (क) के स्थान पर :-**
राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण(NSS) की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।

अथवा

(ख)

(i) आयत -चित्र तथा दंड आरेख में अंतर स्पष्ट कीजिए 3

(ii) माध्यिका ज्ञात करने के लिए इस आवृत्ति वक्र का उपयोग किया जाता है, आवृत्ति वक्र की पहचान कर इसकी रचना के चरणों की व्याख्या कीजिए । 3

## खंड ब - व्यष्टि अर्थशास्त्र

18 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढिये: - 1

**कथन 1:-** दुर्लभता चयन की समस्या से असंबंधित है ।
**कथन 2:-** सर्वश्रेष्ठ त्यागे गए विकल्प की लागत अवसर लागत कहलाती है ।

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

विकल्प:-

(अ) कथन 1 सत्य और कथन 2 असत्य है।
(ब) कथन 1 असत्य और कथन 2 सत्य है।
(स) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।
(द) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

19 'बुनियादी शिक्षा पर अधिक मात्रा में खर्च किया जाए या उच्च शिक्षा पर ?' की समस्या किस प्रकार की केंद्रीय समस्या है 1

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

(अ) कैसे उत्पादन किया जाए ?
(ख) क्या उत्पादन किया जाए ?
(ग) किस प्रकार उत्पादन किया जाए ?
(घ) कब उत्पादन किया जाए ?

20 दिए गए कॉलम I और कॉलम II में तथ्यों के ***<u>असत्य</u>*** युग्म का चयन कीजिए: - 1

| | **कॉलम I** | | **कॉलम II** |
|---|---|---|---|
| अ | आर्थिक क्रिया | (i) | निर्यात हेतु फलों का उत्पादन |
| ब | गैर-आर्थिक क्रिया | (ii) | आयातों का भुगतान |
| स | आदर्शक आर्थिक विश्लेषण | (iii) | रोजगार बढ़ाने के लिए कौशल-शिक्षा केंद्र खोले जाने चाहिए। |
| द | सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण | (iv) | प्रतिवर्ष भारत से 60,00 नवयुवक नए रोजगार की तलाश में भारत छोड़ रहे हैं। |

विकल्प:-

(अ) अ - I

(ब) ब - II

(स) स - III

(द) द - IV

21 आर्थिक समस्या क्यों उत्पन्न होती है ? 1

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

(अ) संसाधन असीमित है ।

(ब) मानव आवश्यकताएँ असीमित है ।

(स) संसाधनों के वैकल्पिक प्रयोग असंभव है ।

(द) दोनों (ब) तथा (स)

22 उपभोक्ता संतुलन की अनिवार्य शर्त है :- 1

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

(अ) $\frac{MUx}{Px} > MUm$

(ब) $\frac{MUm}{Px} = MUx$

(स) $\frac{MUx}{Px} = MUm$

(द) $\frac{MUx}{MUm} > Px$

23 निम्लिखित कथनों को पढिये - अभिकथन (A) और कारण (R) सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

**अभिकथन (A)** - सामान्य वस्तुओं के लिए आय में वृद्धि माँग में वृद्धि करती है ।

**कारण (R)** - सामान्य वस्तुओं के संधर्भ में आय तथा माँग के बीच धनात्मक संबंध होता है ।

**विकल्प :-**

(अ) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है |

(ब) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है |

(स) अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है |

(द) अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है |

24 असत्य कथन की पहचान कीजिए :- 1

(अ) वस्तु की कीमत में वृद्धि प्रतिस्थापन वस्तु की माँग में कमी लाती है ।

(ख) निम्नकोटि की वस्तुओं के लिए आय प्रभाव ऋणात्मक होता है ।

(ग) जीवन रक्षक दवाइयों के लिए माँग की कीमत लोच पूर्णतया लोचदार होती है ।

(घ) रुचि एवं प्राथमिकताओं में अनुकूल परिवर्तन माँग पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है ।

25 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढिये: - 1

**कथन 1:-** अनधिमान वक्र मूल बिंदु की ओर उन्नतोदर होता है क्योंकि सीमांत प्रतिस्थापन की दर घटती है ।

**कथन 2:-** उपभोक्ता की आय में वृद्धि के साथ-साथ बजट रेखा का ढलान भी बढ़ता है ।

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

विकल्प:-

(अ) कथन 1 सत्य और कथन 2 असत्य है।

(ब) कथन 1 असत्य और कथन 2 सत्य है।

(स) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(द) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

26 सही समीकरण का चयन कीजिए :- 1

(अ) $MP = TP_n - TP_{n+1}$

(ब) $AP = TP/Q$

(स) $TP = MP \times Q$

(द) $MP = TP_n - TP_{n-1}$

27 यदि छठी इकाई पर AP का मान 6 हो और सातवीं इकाई पर AP का मान 8 हो, तब सातवीं इकाई पर MP का मान क्या होगा ? 1

(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)

(अ) 2

(ब) 6

(स) 14

(द) 20

28 माँग में वृद्धि तथा माँग में विस्तार के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए । 3

अथवा

व्यक्तिगत माँग तथा बाज़ार मांग में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

29 संतुलन प्राप्त करने हेतु उपभोक्ता की क्या प्रतिक्रिया होगी यदि :-

i) $\frac{MRSxy}{Px} > \frac{MRSxy}{Py}$ 1.5

ii) $\frac{MRSxy}{Px} < \frac{MRSxy}{Py}$ 1.5

30 किसी वस्तु की कीमत में 20% वृद्धि होने से है, उस वस्तु की माँग 5 इकाई कम हो जाती है। प्रारंभिक माँग ज्ञात कीजिए यदि माँग की कीमत लोच 2.5 हो। 4

अथवा

एक वस्तु की कीमत 5 रुपये प्रति इकाई से बढ़कर 6 रुपये प्रति इकाई हो जाती है, लेकिन उस वस्तु की माँगी गई मात्रा पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा, वस्तु की माँग की कीमत लोच की गणना कीजिए।

31 एक संख्यात्मक उदाहरण सहित माँग की कीमत लोच ज्ञात करने की कुल व्यय विधि की व्याख्या कीजिए। 4

32 निम्नलिखित कथन सत्य है या असत्य ? कारण भी दीजिए।

(i) क्रेताओं की संख्या में वृद्धि माँग वक्र को दाईं ओर खिसका देती है। 2

(ii) दो अनधिमान वक्र एक दूसरे को प्रतिच्छेद कर सकते हैं। 2

33 एक उपभोक्ता की आय ₹2000 है, वह इस आय को दो वस्तुओं पर खर्च करना चाहता है वस्तु-X की कीमत ₹50 प्रति इकाई है जोकि वस्तु-Y की कीमत से दुगनी है।

दिए गए अनुच्छेद के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

I. उपरोक्त जानकारी के आधार पर उपभोक्ता का बजट रेखा समीकरण बनाइए। 2

II. यदि कुल 1500/- रुपए ही खर्च किए जाएं, तब, वस्तु-X तथा वस्तु-Y की मात्राओं के ऐसे कोई दो संयोग बताइए जिन्हें उपभोक्ता प्राप्त सकता है। 2

III. क्या यह उपभोक्ता दी गई आय से दोनों वस्तुओं की 15 इकाइयाँ प्राप्त कर सकता है ? 2

34 अ) एक संख्यात्मक उदाहरण सहित परवर्ती अनुपातों के नियम की व्याख्या कीजिए। 6

अथवा

ब) निम्नलिखित के बीच सम्बन्ध स्पष्ट कीजिए :-

I. कुल उत्पाद और सीमान्त उत्पाद 3

II. सीमान्त उत्पाद और औसत उत्पाद 3